SI. No.	Name of the Project/ ' District/State	Capacity (MW)
1. 1	Visakhapatnam TPS, Visakhapatnam, Andhra Pradesh	1040
2.	Neyyeli (Zero Unit), South Arcot, Tamil Nadu	250
3.	Mangalore TPS, South Canara, Karnataka	1000
4.	Bhadravati TPS, Chandrapur, Maharashtra	1072
5.	lb Valley TPS, Unit 3 & 4, Jharsuguda, Orissa	420
6.	Jegurupadu CCGT East (Godavari, Andhra Pradesh)	216
7.	Godavari CCGT, East Godavari, Andhra Pradesh	208
8.	Dabhol CCGT, Phase-I, Ratnagiri, Maharashtra	740

टिहरी बांध के कारण विस्थापित हुए लोगों का पुनर्वास

2042. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) टिहरी बांध के कारण विस्थापित हुए लोगों का ब्यौरा क्या है और इन्हें किन-किन जिलों में पुर्नवासित किया जा रहा है,

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विस्थापन में भारी धांधली हुई है,यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है,

(ग) टिहरी के भू-भवन संपत्ति धारकों और वहां के मूल नित्गसियों के अलावा कितने लोगों ने विस्थापन का फायदा उठाया, और

(घ) क्या सरकार के हनुमंत राव समिति के प्रतिवेदन के निष्कर्षों के आधार पर उनके पुर्नवास हेतु कोई एक मुश्त (पैकेज) योजना बनाई है और यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. एस. वेणुगोपालाचारी) : (क) टिहरी बांध के कारण टिहरी शहर के कुल 5291 शहरी आवासीय परिवार तथा टिहरी गढ़वाल में गांवों मे रह रहे 5012 ग्रामीण परिवार विस्थापित होंगे । पुर्नवास कार्यक्रम के चरण - । के तहत परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को टिहरी गढ़वाल देहरादून तथा हरिद्वार जिलों में स्थापित किया जाएगा

(ख) विस्थापन में बड़े पैमाने पर हेरा-फेरा की कोई भी सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) टिहरी हाइड्रो डेवलपमैंट कारपोरेशन द्वारा क्रियान्वित की जा रही पुर्नवास जीति के अनुसार, ऐसे परिवार जिसकी भूमि/घरों की क्षति हुई है तथा 6 जून, 1985 को टिहरी शहर मे रह रहे लोगों के साथ किराएदारों को भी पुनर्वास लाभी किए जा रहे हैं ।

(घ) टिहरी जल विद्युत परियोजना के पुनर्वास तथा पर्यावरणीय पहलुओं की जांच हेतु 17 दिसम्बर, 1996 को स्थापित हनुमंत राव समिति को अपनी रिपोर्ट तीन महीने के भीतर प्रस्तुत करनी थी । इस समिति का कार्यकाल अब 15 मई, 1997 तक बढ़ा दिया गया है।

अल्मोडा, पौड़ी और चमोली जिलों के गांवों का विद्युतीकरण

2043. **श्री मनोहरकान्त ध्यानी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों विशेषकर अल्मोड़ा, पौड़ी और चमोली जिलो में ऐसे कितने गांव हैं, जिनका अभी विद्युतीकरण किया जाना है,

(ख) उन गांवों के विद्युतीकरण के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है,

(ग) क्या छोटे-छोटे गांवों का विद्युतीकरण किया जाएगा, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(घ) क्या सरकार ने इस प्रयोजनार्थ वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए विश्व बैंक या अन्य किसी अभिकरण से बातचीत की है, और

(ड़) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. एस. वेणुगोपालाचारी) : उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार अल्मोड़ा, पौड़ी तथा चमोली जिलों के क्रमशः 521, 1064 तथा 371 बसे हुए गांव हैं जिन्हें अभी विद्युतीकृत किया जाना है।